तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

13 राजिम विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास...



14 वनों को आग से बचाना विभाग की पहली ...





## खबर संक्षेप

### मैनपुरकला कसाबाय में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन 22 से

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर ग्राम पंचायत मैनपुरकला कसाबाय में श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 22 एवं 23 जनवरी दो दिवसय रखा गया है। इस मानस सम्मेलन में 14 मानस परिवार भाग लेकर भगवान श्री राम के कथा पाठ करेगें मानस सम्मेलन को लेकर गांव में जोरदार तैयारी किया जा रहा है।

### जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने छत्तीसगढ़ शासन सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-दो द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2026 में गरियाबंद जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जारी आदेश के तहत 18 सितम्बर 2026 दिन शुक्रवार को नवाखाई त्यौहार के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इसी तरह 19 अक्टूबर 2026 दिन सोमवार को दशहरा (महाअष्टमी) तथा 9 नवंबर 2026 दिन सोमवार को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर गरियाबंद जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरदी जाने वाले मार्ग से पिथौरा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने नरेश मिरी पिता कार्तिकराम मिरी (42 साल) निवासी हरदी थाना पिथौरा जिला महासमुंद, के कब्जे से कुल 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

कार्रवाई : जिला पुलिस और राजस्व विभाग ने बनाया रिकार्ड 2 माह के भीतर अवैध धान परिवहन एवं बिक्री पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# प्रशासन की सख्ती से टूटी ओडिशा से अवैध धान सप्लाई की चेन, 1.5 करोड़ का अवैध धान जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ओड़िसा प्रदेश से अवैध धान की तस्करी करने वालो पर इस वर्ष पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग ने ऐतिहासिक कार्यवाही कर एक नया रिकार्ड बनाया है।

2 माह के भीतर मैनपुर देवभोग क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के अवैध धान परिवाहन एवं बिक्री पर ताबड़तोड कार्यवाही करते हुए 85 चार पहिया वाहन एवं 6 लावारिस कुल 91 वाहनों पर कार्यवाही की गई है। इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी को प्रभावित करने वाले ओडिशा के धान आवक रोकने में पुलिस ने रिकॉर्ड कायम किया है। देवभोग पुलिस ने सर्वाधिक दर्जनो वाहनों के साथ 1576 क्विंटल धान जब्त किया, जबकि जिलेभर के अन्य सीमावर्ती थाना मिलाकर पुलिस विभाग ने 85 वाहनों के साथ 1 करोड़ 39 लाख के कुल 4504.25 क्विंटल धान जब्त कर कार्रवाई का नया रिकॉर्ड बनाया है।

जिले के नए कप्तान वेदव्रत सिरमौर्य ने अवैध परिवहन को रोकने कारगर रणनीति बनाया था। इसके अलावा 30 से ज्यादा वाहन राजस्व, सहकारिता, मंडी और खाद्य विभाग ने जब्त कर 5 हजार क्विंटल से ज्यादा मात्र में ओड़िशा से खपाने पहुंचे धान को रोका। वाहनों की लगातार जब्ती और सख्ती के चलते जब्त किए गए मात्र से तीगुना मात्रा की आवक थम गई।

### 259 किसानों ने 13 हजार क्विंटल धान नहीं करा पाया उपलब्ध

धरपकड़ का असर खरीदी केंद्र में साफ नजर आया। टोकन निरस्त हुए ज्यादातर किसानों का कारण एक था, वह यह कि टोकन कटाई के बाद सप्लायर उन्हें ओड़िशा का धान समय पर उपलब्ध नहीं करा पाए। देवभोग ब्रांच मैनेजर द्वारा बताया गया कि देवभोग के 9 खरीदी केंद्र में 112 कृषकों का 6110 क्विंटल मात्र का टोकन निरस्त हुआ। गोहरापदर ब्रांच मैनेजर दुष्यंत इंगले ने बताया कि उनके ब्रांच के 12 खरीदी केंद्र में 147 किसानों का 6900 क्विंटल मात्र का टोकन निरस्त हुआ है।

### धान तस्करों ने भी नए-नए उपाय व तरीका अपनाया

इस बार धान तस्करों के तस्करी करने की नए-नए मामले देखने को मिले कहीं रातों रात जंगल के भीतर सड़क निर्माण किया गया तो कहीं खेतों जंगलों और पगडंडी के सहारे धान तस्करी के मामले आए और तो और ओड़िसा सीमा क्षेत्र में राजस्व व पुलिस विभाग ने धान तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया है। जिसके कारण धान तस्कर पस्त नजर आए।

# सात दिनों तक मौत से लड़ने के बाद हथिनी ने तोड़ा दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में ओडिशा से भटककर आई लगभग 10 से 12 वर्ष की हथिनी की आज सुबह मौत हो गई। बीमार हथिनी का पिछले सात दिनों से लगातार इलाज किया जा रहा था। आखिरी सांस तक वन अमला उसे बचाने में जुटा रहा, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद हथिनी को नहीं बचाया जा सका।

वन विभाग के अनुसार इलाज के दौरान हथिनी की हालत में कुछ सुधार भी देखने को मिला था। वह मल त्याग करने लगी थी और थोड़ा-बहुत भोजन भी करने लगी थी। हालांकि 15 जनवरी को अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई। इसके बाद जंगल सफारी और कानन पेंडारी जू के विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से भी उपचार के प्रयास किए गए, लेकिन हालत लगातार नाजुक होती चली गई।

हथिनी की मौत के बाद वन विभाग एवं अभयारण्य प्रशासन की मौजूदगी में विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान के हाथी मित्र दल की भूमिका सराहनीय रही। दल के सदस्यों ने अपनी जान जोखिम में डालकर हथिनी को दवाइयां खिलाईं और लगातार निगरानी की। चार दिन पहले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें टीम के सदस्य बेहद जोखिम भरे हालात में हथिनी की देखभाल करते नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2025 में इसी तरह की बीमारी से ग्रस्त एक नर हाथी को बचाने में वन विभाग सफल रहा था, लेकिन इस बार सभी प्रयासों के बावजूद हथिनी को बचाया नहीं जा सका। इस घटना से वन अमले के साथ-साथ वन्यजीव प्रेमियों में भी शोक की लहर है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 को

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी, संस्थाओं को उनके द्वारा संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही कॉलेजों में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किए गए निबंध, चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में नए मतदाताओं को बैच और एपिक कार्ड वितरित किया जाएगा।



### चप्पेश्वर ध्रुव का बीएसएफ में चयन

**रसेला।** ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के निवासी चप्पेश्वर ध्रुव पिता कमल ध्रुव माता बहुरी बाईं के बेटे का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन होने पर उन्हें जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच हेमलता ध्रुव, सरपंच रवि मरकाम, उपसरपंच परमेश्वर यादव, शिवशंकर जयसवाल, इमलेश ध्रुव, राधिका नेताम, खेमसिंह मरकाम सहित ग्रामीण जनों ने उनकी इस उपलब्धि पर स्वागत और सम्मान किया गया साथ ही साथ उज्जवल भविष्य की कामना की गई। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले चप्पेश्वर ने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में देखा जा रहा है।



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान के अंदर घुसकर मारपीट, बोतलों को तोड़ा

**महासमुंद।** तुमगांव के शराब दुकान में घुसकर मारपीट और बोतलों को तोड़ने वाले आरोपियों के विरूद्ध शराब दुकान के मल्टीवर्कर ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस को कंपोजिट मदिरा दुकान तुमगांव के मल्टीवर्कर प्रमोद कुमार सेंगर पिता अमृत लाल सेंगर (28 साल) निवासी ग्राम पचरी ने बताया कि 16 जनवरी के रात्रि 9 बजे सुपरवाईजर मोहित गायकवाड, सेल्समैन उमेश मन्नाडे, देवेंद्र सिंह, कृष्णा साहू और वह सभी दुकान में अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे। तुमगांव के वीरेंद्र साहू और देवलाल साहू शराब लेने के लिए आये, जिसके द्वारा 200 रुपए का एक नोट देकर अंग्रेजी शराब मांगा गया, तब उसने 120 रुपए का शराब आएगा, चिल्हर नहीं है, 20 रुपए चिल्हर देने कहा। इस पर वे लोग चिल्हर नहीं रखते हो, शराब दुकान क्यों खोलकर रखे हो कहते हुए गाली गलौज कर वापस चले गये फिर कुछ देर के बाद अपने कुछ साथियों के साथ वे दोनों फिर वापस आये और जान से मारने की धमकी देते हुए शराब दुकान के अंदर घुसकर हाथ मुक्का से प्रार्थी से मारपीट करने लगे। आरोपियों ने साथी कर्मचारी उमेश मन्नाडे, देवेंद्र सिंह और मोहित गायकवाड़ के साथ भी मारपीट की और दुकान के अंदर शराब की बोतल को तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (3), 324(2), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### निःशुल्क ब्रेन एवं स्पाइन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम द्वारा 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क ब्रेन एवं स्पाइन (मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी) स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन डॉ. वैभव धावली द्वारा मरीजों की जांच एवं परामर्श किया जाएगा। डॉ. वैभव धावली प्रतिदिन बसना में 24 घंटे अपनी सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। शिविर के दौरान कमर दर्द, झुकने-बैठने में परेशानी सहित रीढ़ एवं नसों से संबंधित सभी रोगों की जांच एवं परामर्श किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर में सीटी स्कैन एवं एक्स-रे जांच पर विशेष 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इस शिविर में रीढ़ की हड्डी का ट्यूमर, स्लिप डिस्क, सियाटिका, डिस्क प्रोलैप्स, स्पाइन टीबी जैसी बीमारियों के सभी ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से पूर्णतः निशुल्क किए जाएंगे।

### अवैध धान भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड के ग्राम मोहदा में तहसीलदार मनीषा देवांगन के नेतृत्व में अवैध धान भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। ग्राम मोहदा निवासी टिकेश्वर यादव पिता मेघराज यादव के घर, दुकान एवं गोदाम की जांच के दौरान लगभग 1000 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। जांच में मंडी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उक्त धान को मंडी अधिनियम के तहत जप्त किया गया। जब्त की गई धान की मात्रा को आगे की कार्रवाई के लिए कृषि उपज मंडी पिथौरा को सुपुर्द कर दिया गया है। तहसीलदार मनीषा देवांगन ने कहा कि अवैध भंडारण, कालाबाजारी और मंडी नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### महांती समाज ने पिकनिक में मनाया नववर्ष

**महासमुंद।** महांती समाज ने बागबाहरा के निकट लमकेनी बांध मंदिर प्रांगण में बड़े धूमधाम से नववर्ष का स्वागत किया। समाज के सभी पुरुष, महिला व युवाओं ने नृत्य, गीत, संगीत व विविध मनोरंजन कार्यक्रम में भाग लेकर नववर्ष मनाया। समाज के कलाकारों ने अपने निराले अंदाज से सभी का मनोरंजन किया। मां तारिणी ग्रुप ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। द्वितीय चरण में लमकेनी बांध के प्राकृतिक सौंदर्य में समाज ने आनंद लिया। सामूहिक भोज के बाद तृतीय चरण में मां खल्लारी मंदिर (भीमखोज) में मां खल्लारी का दर्शन किया। अपने ईष्ट देव भगवान जगन्नाथ मंदिर का दर्शन किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष संजय महांती ने सभी समाजजनों को नववर्ष की बधाई दी। समाज के वरिष्ठ सदस्यों किशोर चंद्र महांती, मनोहर महांती, संयोजक किशोर महांती ने नई कार्यकारिणी के उत्साह एवं कार्यों की प्रशंसा की।

## जिला पंचायत के सीईओ चंद्राकर ने की आवास योजनाओं की समीक्षा

# आवास योजनाओं में लापरवाही, अनुपस्थित और सुस्त सचिवों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में विकासखण्ड मैनपुर, देवभोग एवं फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), पीएम-जनमन तथा मुख्यमंत्री मितान आवास योजना (एमएमएवाई) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति का आकलन कर एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए।

श्री चंद्राकर ने समीक्षा के दौरान पाया कि कई ग्राम पंचायत सचिव आवास निर्माण कार्यों में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे हैं। आवासों के स्थल निरीक्षण, निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग तथा हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए प्रेरित नहीं करने की लापरवाही पाई गई। इसके अलावा कुछ ग्राम पंचायत सचिव बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए गए, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए ऐसे सभी सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को सख्ती के साथ निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों के लिए स्वीकृत आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ग्राम पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की गई। जिसके तहत अपूर्ण आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र गति देने तथा अभी तक प्रारंभ नहीं हुए आवासों में तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी सचिवों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

### पंचायत क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें

श्री चंद्राकर ने आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सेंट्रिंग प्लेट, ईंट, सीमेंट, रेत एवं अन्य निर्माण सामग्रियों के साथ-साथ मिस्त्रियों की व्यवस्था तत्काल करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। सभी सचिवों को यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दें। बैठक में उपस्थित जनपद पंचायत के सीईओ एवं विकासखण्ड समन्वयक, पीएमएवाई-जी को भी आवासों की निरंतर मॉनिटरिंग करने एवं प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर निगरानी मजबूत करने से कार्य में पारदर्शिता और प्रभावशीलता दोनों बढ़ेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी सचिवों को योजनाओं के लक्ष्य समय पर पूरा करने, हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र परिवारों को समय पर आवास उपलब्ध कराना ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज का आज होगा मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



पंचकल्याणक महा महोत्सव के निमित्त पधार रहे पट्टाचार्य मुनि 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का आज नगर प्रवेश रविवार दोपहर 2 बजे श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में होगा। आचार्य संघ की भव्य अगवानी की तैयारी में समाज के सभी वर्ग के लोग जुटे हुए हैं। पूज्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि सुयश सागर जी महाराज ससंघ शिवांश स्कूल पहुंचकर अपने गुरु की मंगल अगवानी करेंगे। छिंदवाड़ा से राजिम की ओर हो रहा बिहार पूज्य आचार्य संघ का 29 दिसंबर 2025 को धर्मनगरी छिंदवाड़ा में पंचकल्याणक उपरांत विहार राजिम की ओर चल रहा है। प्रातः अभनपुर, मानिकचौरी होते हुए ग्राम पिपरौद शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में प्रातः 9 बजे पहुंचेंगे। पूज्य आचार्य श्री की अमृत पान का सौभाग्य उपस्थित जन समुदाय को मिलेगा। आचार्य संघ की आहार चर्या, सामायिक यहीं स्कूल में ही संपन्न होगी। साथ ही दीक्षार्थी भैया की आहार चर्या भी यहीं संपन्न होगी।

### पारसनाथ के दर्शन पश्चात होगा नगर भ्रमण

दोपहर में स्कूल से विहार कर आचार्य संघ सबसे पहले श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मंदिर में श्री जी के दर्शन करेंगे उसके पश्चात बाजे गाजे के साथ गंज मार्ग से होते हुए पंचकल्याणक स्थल पहुंचेंगे, स्थल निरीक्षण कर पुराना बस स्टैंड, सदर होकर नगर प्रवेश करेंगे। पश्चात सदर बाजार स्थित श्री 1008 शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंच कर अतिशयकारी शांतिनाथ भगवान का दर्शन करेंगे। नगर प्रवेश के अवसर पर जैन समाज के लोगों ने गाजे-बाजे, ध्वज-पताकाओं और मंगलगान के साथ मुनि संघ की भव्य अगवानी करेंगे। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिलेगा। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अखिलेश जैन एवं सचिव आशीष चौधरी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य संघ में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज सहित 23 महाराज साथ में चल रहे हैं। मुनि संघ के इस प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, प्रवचन और आत्मकल्याण से जुड़े आयोजन के साथ पंचकल्याण कार्यक्रम में भाग लेंगे। आचार्य श्री के वरद हस्तकमलों से मूलनायक शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा सहित 42 प्रतिमाओं का पंचकल्याणक (प्राण प्रतिष्ठा) के संस्कार होंगे।

# ना कोई शराब बनाएगा ना कोई बेचेगा : राजगोंड समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



राजगोंड समाज मंदागमूडा 10 गांवों की संयुक्त ग्रुप सभा में नशे के खिलाफ एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। समाज ने सर्वसम्मति से नशा मुक्ति अभियान चलाने का फैसला किया और इसी कड़ी में आज 17 जनवरी को समाज की ओर से एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली मंदागमूडा से प्रारंभ होकर बुडगेलटप्पा तक निकाली गई, जिसमें समाज के हजारों पुरुष और महिलाओं ने भाग लिया। बाइक रैली के साथ–साथ अन्य वाहनों के जरिए समाज के लोग नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान जहां–जहां देशी शराब बनाए जाने की सूचना थी, वहां समाज के प्रतिनिधि पहुंचे और शराब बनाने वालों को सख्त चेतावनी दी गई। समाज ने स्पष्ट शब्दों में संदेश दिया कि अब न तो शराब पी जाएगी और न ही शराब बेची जाएगी। समाज द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, शराब पीने या बनाने वालों को समाज से बहिष्कृत किया जाएगा। ऐसे लोगों को किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उनके साथ बहू–बेटी के रिश्ते रखे जाएंगे। इसके साथ ही समाज ने शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देने का भी संकल्प लिया।

### सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण नशा है

समाज के सचिव लुदर पाथर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशे की वजह से समाज का विकास अवरुद्ध हो रहा है। यदि समाज को आगे के पंक्ति मैं लाना है तो नशे को पूरी तरह छोड़ना होगा। इसी उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान शुरू किया गया है। वहीं समाज के कोषाध्यक्ष विजय मरकाम ने कहा कि आजादी के बाद सरकार द्वारा दी गई 5 लीटर देसी शराब बनाने की छूट ने आदिवासी समाज को नुकसान पहुंचाया है और गर्त में धकेल दिया है। अब समाज ने खुद फैसला लिया है कि नशे से दूर रहकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। समाज की महिला सदस्य श्रुति सिंह ध्रुवा ने कहा कि आज सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण नशा है। शराब पीकर वाहन चलाने से लगातार एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं। समाज ने निर्णय लिया है कि शराब बनाने वालों से किसी भी प्रकार का सामाजिक संपर्क नहीं रखा जाएगा। पूर्व ग्रुप अध्यक्ष इंद्र माझी ने कहा कि यह निर्णय समाज को नई दिशा देगा। यदि लोग नशा छोड़कर शिक्षा और रोजगार पर ध्यान दें, तो समाज निश्चित रूप से तरक्की करेगा।इस अनोखी पहल की क्षेत्र के अन्य समाजों ने भी सराहना की है और मंदागमूडा ग्रुप सभा राजगोंड समाज के इस फैसले को नशा मुक्ति की दिशा में एक मिसाल बताया जा रहा है।

# परसवानी पुल जर्जर, बेलाहीघाट पुल से रेलिंग गायब



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ विभागीय अफसरों की लापरवाही से बढ़ा जान का खतरा

पैरी नदी में बने राजिम से धमतरी जिला को जोड़ने वाला परसवानी पुल इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गया है। पुल की हालत इतनी नाजुक हो चुकी है कि पूरे पुल पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है और जगह-जगह गिट्टियां बाहर निकलकर सामने आ गई हैं। वाहनों के गुजरते ही गिट्टियां उछल रही हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए हर पल दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। हालत यह है कि पुल में लंबे-लंबे गढ्ढे भी हो गए है जहां गाड़ी उछाल मारती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारी वर्ग पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। कई बार शिकायतों के बाद भी न मरम्मत हुई और न ही किसी तरह की चेतावनी या संकेतक लगाए गए, जो प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।

### महानदी के बेलाहीघाट पुल में रेलिंग पाइप की चोरी

ईधर महानदी में नवापारा शहर से मगरलोड, धमतरी मार्ग पर बने बेलाहीघाट पुल में रेलिंग पाइप की चोरी चिंता का विषय बन चुका है। पुल में कई जगहो से रेलिंग को काटकर चोरो द्वारा ले जाया गया है। हैरानी की बात यह है कि आज की तारीख में भी चोर धीरे-धीरे लोहे के इन पाइपों को उखाड़कर चोरी कर ले जा रहे हैं। रेलिंग के हटने से पुल और भी खतरनाक हो गया है। रात के समय या अंधेरे में गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए यह स्थिति किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। सामने राजिम मेला है जहां लाखों की संख्या में इन दोनों पुलों से लोगों का आना-जाना लगा रहेगा। भीड़ की स्थिति रेलमपेल होगी। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए, तो कोई भी बड़ा हादसा विभाग की निक्रियता का परिणाम साबित होगा, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल नहीं होगा। लोग कह रहे है कि विभागीय अधिकारी जनहित की अनदेखी करते हुए किसी अप्रिय हादसे का मानो इंतजार कर रहे हो? जबकि शासन की मंशा है कि सड़क सुरक्षा और दुर्घटना नियंत्रण के लिए उपाय की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर राजिम के परसवानी और नवापारा के बेलाहीघाट जैसे महत्वपूर्ण पुलों की अनदेखी विभाग की पोल खोल रही है। सवाल यह उठता है कि क्या विभाग के अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा? स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि परसवानी पुल की तत्काल मरम्मत और पुनः डामरीकरण कराई जाए तथा बेलाहीघाट पुल के उन हिस्सो पर लोहे के पाइप तुरंत लगाए जाएँ जहां चोरी हो गई है।

# जोगेश्वर धाम में गूंज रही शिव महिमा सांसद चौधरी ने टेका मत्था



**छुईहा बेलर।** स्वयंभू बाबा जोगेश्वर नाथ जी पावन धरा ग्राम जोगीडीपा मां कर्राबाघिन की सानिध्य में शिव जी की महिमा का रसपान हेतु भक्तिमय श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन 12 से 19 जनवरी तक ग्रामवासी जोगीडीपा के तत्वावधान में रखा गया है। कार्यक्रम मंच संचालक उद्घोषक जितिन साहू मुड़ियाभावर ने कहा यज्ञ संचलन कर्ता एंव व्यास पीठ पर विराजमान श्रध्देय बुध्देश्वर तिवारी जी महाराज (ग्राम अमोरा-जांजगीर, चापा) वाले अपने भक्तिमय एवं अमृतमय वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का रसामृत पान करा रहे हैं। जिसमें आस पास के लोग परिवार पहूंच रहे हैं। परायणकर्ता दामोदर तिवारी जी (देवरघटा वाले) है।कथा रविवार को सातवां दिन है,कल सोमवार को पुर्णाहूति के साथ कथा का समापन होगा। कार्यक्रम के तहत पहले दिन कलश यात्रा, शिव पुराण महात्म्य, शिव महिमा, नारद मोह कथा, गुणनिधि चरित्र,सती जन्म, शिव सती प्रसंग, हिमांचल मैना कथा, पार्वती जन्म, बाललीला, शिव विवाह, कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म, जलन्धर हिरण्यकश्यप कथा, शिवजी के विभिन्न अवतार कथा नंदीश्वर, दुर्वासा, हनुमान कथा सुनाए गए तथा रविवार को द्वादश ज्योर्तिलिंग कथा शोभा यात्रा सोमवार पूर्णाहुति, कपिला तर्पण, गीता प्रवचन कथा समापन होगा।

### सांसंद ने क्षेत्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की

क्षेत्र के जोगेश्वरी नाथ धाम जोगीडीपा में चल रहे शिव महापुराण सप्तांह में शनिवार को सुबह 10 बजे पहूंच गये। वहां उन्होंने बाबा जोगेश्वर नाथ एंव शिव महापुराण व्यास पीठ की पुजा किया और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की,और व्यास महाराज से आशीर्वाद लीये। सभा को सासंद महासमुंद लोक सभा सदस्य रूपकुमारी चौधरी,एंव जिला महामंत्री चन्द्रशेखर साहू ने सम्बोधित किया। ग्रामवासियों की मांग पर सांसद ने विकास कार्य के लिए 5 लाख रुपये की घोषणा कीया। जिला भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, जिला भाजपा महामंत्री भुवन साहू, सासंद प्रतिनिधि मकसुदन साहू, जनपद सदस्य प्रेमिन ध्रुव, भाजपा नेता नेहरू साहू, सरपंच बोड़की नेतराम सिन्हा, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, भाजपा नेता रामजी साहू, छबि यादव, मिथलेश ध्रुव, राजेन्द्र यादव, गोपाल, महेश साहू, हरिराम साहू,नरायण ध्रुव व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### औषधि प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 48 कट्टी गुटखा जब्त

**महासमुंद।** जिले में जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गुटखा जब्त किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी उमेश कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने साइबर सेल टीम के सहयोग से जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान कुल 48 कट्टी जर्दायुक्त गुटखा बरामद किया, जिसे परिवहन के जरिए खपाने की तैयारी की जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई नियमित जांच एवं निगरानी के दौरान की गई।

# चंद्रशेखर की माता तीजा बाई को श्रद्धांजलि अर्पित करने उमड़ा प्रदेश का नेतृत्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू के दशगात्र कार्यक्रम में उनके गृहग्राम मानिकचौरी में डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद विजय बघेल, विधायक अजय चन्द्राकर, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक जितेंद्र सोनकर, प्रदेश ओबीसी के मंत्री किशोर देवांगन ,डॉ सियाराम साहू, सेवन चन्द्राकर, प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, देवजी भाई पटेल, नवीन मारकंडे, कमिश्नर महादेव कांवरे, दीपक महस्के, चन्द्रहास चन्द्राकर, रामप्रताप सिंह, अभिनेष कश्यप, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, परदेशी राम साहू, डॉ. निमई विश्वास, अनिल जगवानी, लखन लाल सिन्हा, दयालु राम गाड़ा, साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू, युवराज सिन्हा, श्याम नारंग, ऐतराम साहू, अनिल चन्द्राकर, सुरेंद्र पाटनी ,गौरीशंकर श्रीवास, भरत बैस, तोषण साहू, किशोर साहू, दाऊलाल चन्द्राकर, टिकेंद्र ठाकुर, राजेश साहू सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित सभी गणमान्य लोगो ने माता तीजा बाई साहू के तस्वीर में फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## राजिम कुंभ कल्पः कलेक्टर ने लिया मेला स्थल का जायजा

# श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पहली प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



राजिम कुंभ कल्प 2026 के आयोजन के संबंध में कलेक्टर बीएस उइके ने मेला स्थल में मेलार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करने मेला स्थल, मुख्य मंच, दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार आदि स्थलों का निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे।

राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन, डीएसपी निशा सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश

कलेक्टर श्री उइके ने निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्क लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने मेला स्थल का अवलोकन करते हुए मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कन्ट्रोल रूम, आम नागरिकों के लिए आवागमन एवं हेलीपैड स्थल, राजीव लोचन मंदिर, संत समागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे बन रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक को मिला गौरव अलंकरण पुरस्कार

**महासमुंद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए शिक्षक श्रीधर राव शासकीय प्राथमिक शाला सोरमसिंघी संकुल केंद्र सोरम सिंघी को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सेवाकाल 1998 से आजपर्यंत तक वे शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उनके लंबे कार्यकाल में बच्चों की उपलब्धि व उनके स्कूलों से नवोदय में चयनित विद्यार्थियों का चयन हुआ। यह गौरव की बात है कि आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी लगातार सेवा भाव से उनको यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शिक्षक राव के सम्मानित होने पर संकुल सोरमसिंघी के शिक्षकों, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं ग्रामीण जनों में हर्ष व्याप्त है। संकुल प्राचार्य रामूदास निराला, संकुल समन्वयक पीतांबर राव पाठक, तुलसीराम नेताम, रूपसिंह दीवान, लोकेश्वर मोगरे, दौलत राम निषाद, हरिहर सिंह साहू, देवनाथ पटेल, पंकजनी सिंह आदि ने हर्ष जताया है।

### टामकी, बंधुआ व नवा तालाब की सफाई आज

**महासमुंद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद तथा हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज 18 जनवरी सुबह 7 से 10 बजे तक स्थानीय टामकी, बंधुआ एवं नवा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत तालाब फैले गंदगी, प्लास्टिक प्रबंधन एवं अन्य अनुपयोग कचरों का निपटान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में शहर समस्त पर्यावरणीय प्रेमियों, सामाजिक संस्थाओं, जागरूक नागरिकों से उपस्थिति की अपील आयोजकों द्वारा की गई। उक्त जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. एचबी कालीकोटी एवं हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### प्रधान पाठक गफ्फार हुए सम्मानित

**भंवरपुर।** जिले के बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर संकुल केंद्र जमदरहा के प्रधान पाठक गफ्फार खान को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवम अनुकरणीय कार्य करने के कारण मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि चंद्रहास चंद्राकर (बीज निगम अध्यक्ष महासमुंद), इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी (मुख्य आयुक्त राज्य स्काउट गाइड ), अपर कलेक्टर रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, डाइट प्राचार्य अरुण कुमार प्रधान, सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, एपीसी विद्या साहू आदि उपस्थित थे। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने अपने इस सम्मान को अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित किया है। प्रधान पाठक गफ्फार खान को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षादूत से सम्मानित होने पर बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, बसना विकासखंड के शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति ललितपुर और समस्त शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

**शपथ पत्र**

मैं पवन कुमार पिता श्री बंशीराम जाति सतनामी निवासी ग्राम लोहझर, पो. लोहझर तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. का हूँ जो कि निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि मै उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 5632 5669 8019 जारी हुआ है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम छोटी सुर्यवंशी पिता पवन सुर्यवंशी दर्ज है, जबकि मेरे पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम रूपाली पिता पवन कुमार दर्ज है।
3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में अंकित नाम छोटी सुर्यवंशी पिता पवन सुर्यवंशी को मैं सुधार कर रूपाली पिता पवन कुमार दर्ज कराना चाहता हूँ।
4. यह कि मेरे द्वारा दी जा रही जानकारी सत्य एवं सही है।
5. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
पवन कुमार

**सत्यापन**

मैं पवन कुमार पिता श्री बंशीराम जाति सतनामी निवासी ग्राम लोहझर, पो. लोहझर तहसील छुरा, जिला गरियाबंद छ.ग. का हूँ, जो कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 तक में लिखे समस्त बाते सत्य वो सही है जिसे अपना हस्ताक्षर गरियाबंद में दिनांक 13/01/2026 को कर दिया।

सत्यापनकर्ता
पवन कुमार

कार्यक्रम : विकास कार्यों की स्वीकृति से ग्रामवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल

# राजिम विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू टीना शेड भूमिपूजन एवं पारंपरिक मड़ई मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत लचकेरा पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर ने की। वहलृ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदिनी कोमल ढीढी, सभापति जिला पंचायत गरियाबंद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, मंजू साहू सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर, संजय शर्मा समाजसेवी महासमुंद,जगदीश यदु पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर, मनीष हरित पूर्व अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा भाजपा, राजू साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर एवं नीरज शर्मा जिला उपाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ गरियाबंद उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने टीना शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया तथा ग्रामवासियों को ग्रामीण संस्कृति की पहचान मड़ई मेला कार्यक्रम की शुभकामनाएं दल। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत लचकेरा में विकास कार्यों को गति देते हुए लाखों रुपये के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। इनमें गांव में सीसी रोड निर्माण, अहाता निर्माण एवं मौली माता मंदिर परिसर में ज्योति कक्ष निर्माण शामिल है। इन विकास कार्यों की स्वीकृति से ग्रामवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।




विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है और आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लचकेरा के सरपंच अरुण ध्रुव, उपसरपंच उदे राम निषाद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष यादू राम, पंचगण तुलस राम कन्नौजे, रूखमणि बाई, गूंजू राम, नेहा सेन, रानू बाई, ललिता बाई, डालेंद्र कुमार, रोहित सिन्हा, योगेश सिन्हा, भागवती, कुमारी बाई, दिनेश्वरी, दिलेश्वरी, संतोषी, हीराबाई, नंद कुमार, सविता, ललिता, संतु राम, पंचायत सचिव रेवा राम, रोजगार सहायक वेदराम, पंचायत चपरासी राजू राम सहित पंचायत प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## भक्त माता राजिम जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव/कोरासी

छुरा तहसील के पंक्तिया ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त माता राजिम जयंती समारोह श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं एवं बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकालकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर साहू (पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गरियाबंद) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष महेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में ईश्वर साहू, उदेराम साहू, धनीराम साहू, बालमुकुंद साहू, लता ध्रुव, सरपंच रूपेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत आतिशबाजी, बैंडबाजा एवं पुष्पवर्षा के साथ भव्य रूप से किया गया। अपने उद्बोधन में चंद्रशेखर साहू ने भक्त माता राजिम के त्याग, सेवा एवं समाजहित के कार्यों को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने सामाजिक एकता, समरसता एवं संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में साहू समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा साथी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा सफल आयोजन के लिए सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## बैंक से पैसे निकालकर घर लौट रहे किसान की डिक्की से 50 हजार रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव/कोरासी

ग्राम कसेकेरा के किसान रामानंद ध्रुव अपने छोटे भाई नेतराम ध्रुव के साथ शनिवार को पैसा निकालने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा खड़मा पहुंचे जहां बैंक से अपने खाते में से 50 हजार रुपए निकाल कर बैंक के बाहर रखे अपने छोटे भाई के मोटरसाइकिल के डिक्की में थाला सहित बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेनकार्ड, एवं अन्य जरूरी दस्तावेज के साथ रख दिया गया। तकरीबन दोपहर 12 बजे के आस पास मोटरसाइकिल के डिक्की से पैसा चोरी हो गया। रामानंद ध्रुव ने बताया कि पैसा निकालने के बाद पैसा को बैंक पासबुक आधार कार्ड पेनकार्ड और कुछ जरूरी दस्तावेज को थैला मे रख कर मोटरसाइकिल के डिक्की में रखे और पटवारी आफिस कहां है पास के सेनुन दुकान वाले से पुछा और दोनों भाई मोटरसाइकिल से बैठ कर निकल गया, कुछ दूरी चलने के बाद मोटरसाइकिल में पेट्रोल डालने के लिए रानीपरतेवा में रुका तभी पेट्रोल का पैसा देने के लिए मोटरसाइकिल के डिक्की में रखे थैला गायब हो गया था। तभी दोनों भाई रानीपरतेवा से वापस बैक के पास आकर बैंक में पता किया और वहां पर आस पास से पूछताछ किया गया लेकिन पार हुआ पैसा नहीं मिला। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी पता किया लेकिन सीसीटीवी कैमरा का फूटेज नहीं मिला बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा बैंक के बाहर को केप्चर नहीं कर रहे हैं बैंक के बाहर एक दो कैमरा और लगा होता तो किसान रामानंद ध्रुव का पैसा मोटरसाइकिल से कौन निकाला होता वह स्पष्ट हो जाता लेकिन कैमरा नहीं होने से किसान रामानंद ध्रुव का पैसा पार हो गया जिससे किसान बहुत दुखी हुआ और 50 हजार रुपए महेनत का पैसा किसी अज्ञात चोर द्वारा पार किए जाने पर किसान मायूसी होकर घर लौटे। वहीं वहीं उपस्थित लोगों द्वारा उचित सलाह दी गई कि तुरंत छुरा थाना में जा कर रिपोर्ट दर्ज करवाओ और जांच के बाद पता चल जाएगा। वही बैंक कर्मचारियों ने सभी किसानों से सावधानी निवेदन किया है कि पैसा सावधानी पूर्वक रखे और अपने अन्य जरूरी दस्तावेज को भी संभाल कर रखे।



## भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हेमंत नागेश का राजिम में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता युवा मोर्चा गरियाबंद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हेमंत नागेश के प्रथम नगर आगमन पर राजिम में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार राजिम पहुंचे हेमंत नागेश का स्वागत करने के लिए युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

जिलाध्यक्ष का काफिला राजिम पहुंचा तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। ढोल-ढमाको के साथ मौजूद युवा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हेमंत नागेश ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि- /"यह स्वागत मेरा नहीं, बल्कि गरियाबंद जिले के हर एक परिश्रमी कार्यकर्ता का सम्मान है। आने वाले समय में युवा मोर्चा जिले के हर बूथ पर मजबूती के साथ खड़ा होगा और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अभिषेक सोनकर, आशीष पाण्डेय, दीपक साहू, संजय सोनकर, मोहनीश सिंह राजपूत, आकाश सिंह राजपूत, श्रेयांश उपाध्याय, राजेश परमार, ओंकार साहू, बादल साहू, लिखेश्वर साहू, यश कहार, गोविंदा साहू, राजा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाएं जब खेल मैदान में उतरती है तो नई पीढ़ी के लिए रास्ते खोलती है : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल कुद प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दमखम

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आज शनिवार को विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन उन्मुक्त खेल मैदान, भाठीगढ़ में संपन्न हुआ। इस एक दिवसीय आयोजन में क्षेत्र की बालिकाओं और महिलाओं ने विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता योगेश शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री नंदिनी नेताम, पुष्पा नेगी (सरपंच भाठीगढ़), जनपद सदस्य जामुन बाई नेगी, कुमारी बाई पटेल और प्रताप मरकाम उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लोकेश्वरी नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं उन्होने सभी प्रतिभागियों से खेल प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील किया। भाजपा नेता पंडित योगेश शर्मा ने कहा खेलकूद केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व सिखाता है। जब महिलाएँ खेल के मैदान में उतरती हैं, तो वे केवल पदक नहीं जीततीं वह रूढ़ियों को तोड़ती हैं, नई पीढ़ी के लिए रास्ते खोलती हैं इतिहास साक्षी है कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों और अनेक सामाजिक चुनौतियों के बावजूद विश्व मंच पर देश का नाम रोशन किया है। पीवी सिंधु, मैरी कॉम, मिताली राज, साक्षी मलिक, अवनी लेखरा जैसी खिलाड़ी हमें यह सिखाती हैं कि संकल्प और मेहनत से असंभव भी संभव हो जाता है। आज महिला खेलकूद को समान अवसर, सुविधाएं और प्रोत्साहन पूरी तरह मिल रहा है परिवार, विद्यालय, समाज और सरकारकृसभी की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि हम बेटियों के सपनों को पंख दें। भाजपा नेत्री नंदनी नेताम ने कहा आज की बेटियां केवल खिलाड़ी नहीं, बल्कि रोल मॉडल हैं। जब एक लड़की मैदान में जीतती है, तो अनगिनत लड़कियां हिम्मत पाती हैं। इसलिए आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम महिला खिलाड़ियों को समान सम्मान, अवसर और सहयोग देंगे, ताकि वे देश का गौरव और भी ऊंचा कर सकें।

**प्रमुख खेल परिणाम**

नोडल अधिकारी यशवंत बघेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे दौड़- 100 मीटर में यशिका नेगी और 18-35 वर्ग में हितेश्वरी ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर दौड़ में लोकेश्वरी (9-18 वर्ष) और निर्मला नेगी (18-35 वर्ष) विजेता रहीं। तवा फेंक- वगितेश्वरी (9-18 वर्ष) और पूनम (18-35 वर्ष) ने बाजी मारी। बैडमिंटन- एकल में मीनू और अंकिता प्रथम रहीं, जबकि युगल (9-18 वर्ष) में ख्याति व प्रेरणा की जोड़ी ने जीत दर्ज की। टीम इवेंटरू रस्साकस्सी में आरती यादव एवं साथी, खो-खो में नीतू यादव की टीम और वॉलीबॉल में ज्योति नागेश (जूनियर) व पायल पटेल (सीनियर) की टीमों ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी, पंचायत निरीक्षक राजकुमार ध्रुव और वि.खं. शिक्षा अधिकारी महेश पटेल का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान गोविंद पटेल, आसिफ खान, प्रदीप सिन्हा, लोभान देवांगन, शेख इमामुद्दिन सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल अधिकारी यशवंत बघेल ने किया।

## श्री कुलेश्वर महादेव कॉलेज में युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय एवं फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ, जिसमें उनके विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मधुरानी शुक्ला ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते हैं। वर्तमान समय में युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षा तभी सार्थक है जब वह समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक का निर्माण करे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरके रजक ने कहा कि युवा अवस्था ऊर्जा, संकल्प और नवचेतना का समय होती है। यदि इस ऊर्जा को सही दिशा मिले तो वही युवा राष्ट्र की दशा और दिशा बदल सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत-यह मंत्र आज के युवाओं के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। डॉ. रजक ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं। कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर युवा शक्ति भारत को विश्वगुरु बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विशिष्ट अतिथि पूरन साहू एवं रामकुमार साहू ने व्यक्तित्व के विकास पर प्रकाश डाला एवं विवेकानंद के भारत के लिए योगदान को बताया।वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के शिक्षा-दर्शन, चरित्र निर्माण और आत्मबल पर केंद्रित विचारों को साझा किया। एसआर वड्डे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक जीतेन्द्र सिन्हा, डॉ. प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, रमेश लहरे, रजिया सुल्ताना, श्वेता मिश्रा, सरस्वती बेरवंशी, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूषकांत भारद्वाज, मोनिका साहू, नंदनी साहू, पुष्पलता कंवर ,सुश्री साक्षी मेश्राम मौजूद थे।

## 1 फरवरी को दिल्ली कूच करेगा यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

रावत एवं ठेठवार (थेथेवार) जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल कराने की मांग को लेकर सर्व यादव समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 1 फरवरी को दिल्ली रवाना होगा। यह प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय सहित संबंधित विभागों और केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर लंबित प्रकरण पर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह करेगा। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ में रावत जाति अब तक केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल नहीं है। इसी प्रकार यादव समाज के उपवर्ग ठेठवार का अंग्रेजी में थेथेवार दर्ज हो जाना, जाति प्रमाण पत्र बनवाने सहित विभिन्न शासकीय प्रक्रियाओं में गंभीर व्यावहारिक समस्याएं पैदा कर रहा है। इन विसंगतियों के कारण समाज के लोगों को शिक्षा, रोजगार और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा इस विषय को लेकर लगातार छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और छत्तीसगढ़ शासन से संपर्क बनाते हुए आवश्यक दस्तावेज, प्रतिवेदन और तथ्य प्रस्तुत किए गए। इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ शासन, पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा पत्र क्रमांक 2475/1909/2015/25-2, नवा रायपुर अटल नगर, महानदी भवन, दिनांक 14 अगस्त 2025 तथा विभाग का पत्र क्रमांक GENS11974/2025—Tribal Section, दिनांक 1-10-2025 ठेठवार यादव समाज के संबंध में सचिव, भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया। उक्त विषय में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को विधिवत पत्र लिखकर सूचना भी दी गई, किंतु 4—5 माह बीत जाने के बावजूद



केंद्र सरकार स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसी कारण समाज ने अब सीधे दिल्ली जाकर संबंधित मंत्रालय एवं विभागीय मंत्री से मुलाकात कर शीघ्र निर्णय लेने का निवेदन करने का निर्णय लिया है। यह भी उल्लेखनीय है कि श्री रमेश यदु द्वारा यादव समाज के अन्य उपवर्गों भोरथिया एवं महकुल वर्ग के मामलों में भी आयोग से लेकर छत्तीसगढ़ शासन तक पत्राचार एवं प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सक्रिय सहयोग किया जा रहा है, ताकि समाज के सभी उपवर्गों को समान रूप से संवैधानिक अधिकार और शासकीय लाभ मिल सकें। सर्व यादव समाज का मानना है कि यदि रावत एवं ठेठवार जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित किया जाता है और नाम संबंधी त्रुटियों का निराकरण होता है, तो समाज के लाखों लोगों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़ी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सकेगा।उक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता यशवंत यादव ने दी।

## बिजली स्कूल के स्टाफ ने विधायक से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिजली स्टाफ जिसमें छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष एवं प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता पूरनलाल साहू, भुवन यदु, नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यदु ने राजिम विधायक से सौजन्य भेंट मुलाकात की। इन्होंने विधायक का फूल गुलदस्ता भेंट का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि विधायक रोहित साहू शुक्रवार को बिजली ग्राम में एक कार्यक्रम में आए थे। इसी दौरान विधायक से भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच प्रतिनिधि व अध्यक्ष जिला निषाद समाज मोती राम निषाद उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# स्टार्टअप के माध्यम से नौकरी करने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनेंगे : डॉ. स्वामी

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय नवाचार दिवस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं छत्तीसगढ़ के राज्यकीय गीत के द्वारा किया गया। डॉ. पूनम वर्मा ने बताया कि भारत सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहा है और इनक्यूबेशन सेंटर तैयार किया जा रहा है। डॉ. पी विश्वनाथन अपने भाषण में हमारे आसपास के राष्ट्र से टेक्नोलॉजी ग्रोथ डेवलपमेंट का मुख्य कारण स्टार्टअप से हुआ है विकसित देश चीन में पहुंच स्टार्टअप है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉक्टर विश्वास ने बताया कि बच्चों को बचपन से ही उनके कौशल विकास को विकसित करना उसे सपोर्ट करना ग्रोथ करना बहुत जरूरी है। आईईसी के प्रेसिडेंट डॉ. एन कुमार स्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि उद्यमिता एवं नवाचार के माध्यम से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं और विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा कर सकते हैं। स्टार्टअप के माध्यम से हम नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. उपाध्याय अपने संबोधन में कहा कि छोटे-छोटे विचारों के माध्यम से हम स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ. बीपी भोल कहा कि आज की युवा पीढ़ी रिस्क लेकर शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं। अमूल कंपनी एक दिन में 20 पैकेट बनाने से आज विश्व भर में अमूल के प्रोडक्ट है बेचा जा रहा है या सब स्टार्टअप का ही देन है।

### युवा सोच सबको आगे ले जाता है

प्रथम मुख्य वक्ता अंकित रंजन जी ने स्टार्टअप की दुनिया में भारत तीसरा सबसे ज़्यादा स्टार्टअप वाला देश बन गया है युवा सोच अलग पहचान यह सभी आपको आगे ले जाता है। द्वितीय मुख्य वक्ता प्रिया पांडे जी ने अपने स्टार्टअप की शुरुआत दो प्रोडक्ट से किया आज उन्होंने 30 से 40 प्रोडक्ट और सदस्य इस स्टार्टअप में काम कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन संबोधन फार्मेसी विभाग के विभाग अध्यक्ष श्री युगल किशोर राजपूत के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आयोजन भी अपने ही किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सुकृति पाठक द्वारा किया गया। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, डॉली यदु, विकास कुमार साहू, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### जारा समाज के रामचंद्र बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**छुरा।** अखिल भारतीय बंजारा समाज के रामचंद्र नायक जी ग्राम-मोंगरा, परिक्षेत्र-छुरा को उनकी सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी से समाज नई ऊंचाइयों को छुएगा और समाज की एकता व अखंडता और मजबूत होगी।

### राजिम मेला आयोजन में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका : आप

**गरियाबंद।** राजिम मेला (कल्प कुंभ) के आयोजन को लेकर आम आदमी पार्टी ने गंभीर अनियमितताओं और बड़े भ्रष्टाचार की आशंका जताई है। पार्टी के प्रदेश सचिव रुद्र सेन सिन्हा एवं गरियाबंद जिला अध्यक्ष चमन यादव ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेले का आयोजन पारदर्शी तरीके से नहीं किया जा रहा है, जो बड़े भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। प्रदेश सचिव रुद्र सेन सिन्हा ने कहा कि जिस तरह बालोद में हुए जंबूरी आयोजन में बिना नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाए अपने करीबियों को काम दिया गया था, उसी तर्ज पर राजिम मेला आयोजन में भी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े आयोजनों के लिए जहां सामान्यतः लगभग 30 दिनों की टेंडर प्रक्रिया होती है, वहीं राजिम मेले के लिए 3 जनवरी को टेंडर अपलोड कर मात्र 10 जनवरी तक प्रक्रिया पूरी कर ली गई। केवल सात दिनों में करीब 7 करोड़ रुपये के टेंडर जल्दबाजी में आवंटित किए गए, जो संदेह के घेरे में है। जिला अध्यक्ष चमन यादव ने कहा कि राजिम मेला जैसे पुनीत आयोजन में भी भाजपा कमीशनखोरी करना चाहती है, जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और गरियाबंद कलेक्टर तथा संस्कृति विभाग के मुख्य अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो।

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम पड़कीपाली के पास भंवरपुर पुलिस ने एक बाइक सवार से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सेतकुमार खुटे पिता स्व दिलीप सिंह खुटे (40 साल) भंवरपुर के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1600 रुपए और एक बाइक कीमत 20000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम डुमरपाली के परवानी एनीकट के पास पिथौरा पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी उमेश सिदार, छबि सिदार डुमरपाली के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया।

## निधन

### विनोदिनी मिश्रा



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष विनोदिनी मिश्रा का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय विजय कृष्ण मिश्रा की पत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा तथा मनीष मिश्रा की माता थी।

### मीना बाई



**राजिम।** ग्राम खिसोरा के पवन साहू की धर्मपत्नी मीना बाई साहू उम्र 61 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, दोंदेखुर्द के सरपंच अशोक साहू, परिवारजन व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। स्वर्गीय मीना साहू, मोहित साहू की मां थी।

## कार्यशाला : जानबूझकर आग लगाने, शिकार या अवैध कटाई छिपाने जैसे मामलों में होगी सख्त कार्रवाई

# वनों को आग से बचाना विभाग की पहली प्राथमिकता : डीएफओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





आगामी अग्नि सीजन की तैयारियों को लेकर गरियाबंद वनमंडल द्वारा वनाग्नि सुरक्षा विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी ससीगानंधन ने स्पष्ट किया कि जंगलों को आग से बचाना वन विभाग की पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में उप वनमंडलाधिकारी देवभोग मनोज चंद्राकर एवं उप प्रबंध संचालक गरियाबंद नदीम कृष्ण बरिहा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रबंधकों एवं श्रमिकों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान वन क्षेत्रों में आग लगने के प्रमुख कारण, उससे होने वाली क्षति, आग की रोकथाम के उपाय तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीएफओ ससीगानंधन ने बताया कि अग्नि सीजन 16 फरवरी से 15 जून 2026 तक चलेगा। इस अवधि में वनों की सुरक्षा पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 फरवरी से पहले अग्नि रेखाओं (फायर लाइनों) की कटाई, सफाई एवं नियंत्रित जलाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही अग्नि रक्षकों की नियुक्ति और उनकी नियमित मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के माध्यम से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों पर नियर रियल टाइम फायर अलर्ट एसएमएस के जरिए प्राप्त होंगे। सूचना मिलते ही तत्काल आग पर नियंत्रण के प्रयास शुरू किए जाएं। वन समितियों की मासिक बैठकों में अग्नि सुरक्षा पर अनिवार्य रूप से चर्चा करते हुए समितियों को सक्रिय जिम्मेदारी दी जाए। डीएफओ ने कहा कि जानबूझकर आग लगाने, शिकार या अवैध कटाई छिपाने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। तेंदूपत्ता संग्रहण एवं फड़ों वाले क्षेत्रों में भी अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लंघन की स्थिति में करारनामा शर्तों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उप प्रबंध संचालक नदीम कृष्ण बरिहा ने लघु वनोपज संग्रहण के दौरान अग्नि सुरक्षा के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर वनाग्नि का कारण बन सकती है, जिससे वन संपदा, वन्यजीव और ग्रामीणों की आजीविका को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि संग्रहण कार्य के दौरान आग न लगाएं और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें।

### 200 सुरक्षा श्रमिक शामिल हुए

कार्यशाला में उप वनमंडल अधिकारी गरियाबंद राकेश चौबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र साहू, पाण्डुका संतोष चौहान, भूखंन सोरी, कामता मरकाम, लवकुश पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गरियाबंद वनमंडल के सभी 9 वनपरिक्षेत्रों के अधिकारी, लगभग 100 कर्मचारी, लघु वनोपज संघ के करीब 70 प्रबंधक एवं लगभग 200 सुरक्षा श्रमिक शामिल हुए। सभी ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए विभागीय समन्वय, सतर्कता और जनसहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया।

# कोसमखुंटा में चंपा पटेल को मिला 7.34 लाख का मृत्यु दावा भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम कोसमखुंटा (जामगांव) में सरपंच जाकिर खान के नेतृत्व में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शाखा द्वारा बीमा जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर योगेश अग्निहोत्री एवं बीमा अभिकर्ता दौलेश पटेल की उपस्थिति में ग्रामीणों को बीमा के महत्व और लाभों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर ग्राम के दिवंगत नागरिक विनोद पटेल के मृत्यु बीमा क्लेम का भुगतान उनकी पत्नी चंपा पटेल को चेक के माध्यम से किया गया। कुल 7 लाख 34 हजार 860 रुपये की राशि उनके खाते में जमा की गई। ब्रांच मैनेजर अग्निहोत्री ने बताया कि एक पॉलिसी में मात्र एक वर्ष की किस्त जमा होने के बावजूद क्लेम पात्रता के अनुसार भुगतान किया गया, जो बीमा की विश्वसनीयता को दशार्ता है। इसके साथ ही बच्चों के नाम ली गई योजना के अंतर्गत बालिका के 18 वर्ष पूर्ण करने पर लगभग ढाई लाख रुपये चार किस्तों में भुगतान किया जाएगा।

श्री अग्निहोत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन अनिश्चित है,सांस कब थम जाए इसकी कोई गारंटी नहलृ, लेकिन बीमा द्वारा परिवार की आणथक सुरक्षा की शत–प्रतिशत गारंटी मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा क्लेम का भुगतान मात्र दो माह आठ दिन में कर दिया गया, जो त्वरित सेवा का उदाहरण है। वर्तमान में 'हर घर बीमा योजना' संचालित है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक घर-घर बीमा पहुंचाना है। जागरूकता कार्यक्रम में प्यारे विश्वकर्मा, ऐतराम पटेल, रामप्रसाद पटेल, सचिन पटेल, रूपराम पटेल, बाबूलाल सिन्हा, देवनारायण सिन्हा, उल्लास साहू, डोमन दीवान, सुरेश सेन, संतराम सेन, राधे ध्रुव, नूतन सेन, धनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बेलाट नाला में पुल निर्माण के लिए अभाविप ने घेरा तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



- 4 घंटे तक चले आंदोलन के बाद 2 महीने के भीतर निर्माण प्रारंभ करने प्रशासन ने दिया आश्वासन

बेलाट नाला में पुल के अभाव में छात्रों की पढ़ाई बारिश भर होती है प्रभावित इसलिए आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तहसील कार्यालय का घेराव कर जल्द निर्माण कराने प्रशासन को संदेश भेजा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी के नेतृत्व में छात्र संगठन ने तहसील कार्यालय का घंटों घेराव कर दिया। जिला प्रशाशन के नाम ज्ञापन सौंप बारिश के पूर्व जल्द ही देवभोग प्रवेश पूर्व मौजूद बेलाट नाला में जल्द पुल निर्माण शुरू करने की मांग किया है। क्षितिज ने बताया की पुल निर्माण के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए की मंजूरी दे दिया है पर प्रशासनिक लेट लतीफी के चलते निर्माण कार्य समय पर शुरू नहीं हो पा रहा है, छात्र संगठन ने तहसीलदार अजय चंद्रवंशी को जिला प्रशासन के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि बरसात भर नाला उफान पर होता है। ऐसे में छात्र और अध्यापकों को आवाजाही बाधित होती है जिससे हाई स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रें का अध्ययन बाधित होता है। एसडीएम, तहसीलदार ने 2 महीने के भीतर पुल निर्माण प्रारंभ करने का आश्वासन के बाद छात्र संगठन ने घेराव समाप्त किया। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में बल की तैनाती रही, इस प्रदर्शन में विवेकानंद यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, नगर मंत्री योगेश निधि, रंजन यादव, मोहन यादव, नगर सह मंत्री योगेश पात्र, तेजस बीसी, डुमेश साहू, अभिनव कश्यप, यशवंत कश्यप, आनंद यादव, युवराज सोना, बिपिन यादव, टिपक कश्यप, समेत छात्र नेता शामिल रहे।

# राजिम कुंभ कल्प में गूंजेगी शहनाई, 6 फरवरी को 200 जोड़ों का होगा सामूहिक कन्या विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




- वधु को मिलेगा 35 हजार का चेक

राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन 6 फरवरी को नवीन मेला स्थल में 200 जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। योजना के तहत कन्या को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत जारी राशन कार्डधारी परिवार का होना चाहिए। साथ ही बीपीएल के अतिरिक्त अन्य कार्डधारी भी पात्र होंगे। कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। आयु सत्यापन के लिए वर-वधु की शैक्षणिक अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कन्या एवं उसके परिवार को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना आवश्यक है। विवाह के लिए वर-वधु के माता-पिता की सहमति भी अनिवार्य है। विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। योजना अंतर्गत वधु को 35 हजार रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 7 हजार रुपये की श्रृंगार सामग्री तथा 8 हजार रुपये विवाह आयोजन मंडप आदि मदों में व्यय किया जाएगा। चेक विवाह स्थल में ही दिया जाएगा। जिसके लिए वधु को अपने बैंक पासबुक की छायाप्रति साथ लानी होगी। जिससे चेक तैयार करने एवं वितरण में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत दिव्यांग कन्या को समाज कल्याण विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग से भी लाभ प्रदान किया जाएगा। अंतरजातीय विवाह के प्रकरणों में अतिरिक्त लाभ आदिम जाति विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

# जमीनी स्तर पर सक्रियता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





- अमित मिरी के स्वागत में उमड़ा कांग्रेसियों का हुजूम
- खचाखच भरे कांग्रेस भवन में विधायक ध्रुव ने फूंकी नई जान

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी के सम्मान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमित मिरी के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लंबे अरसे बाद कांग्रेस भवन में निर्वाचित पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बड़ी मौजूदगी से भवन खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधानसभा विधायक जनक ध्रुव ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर सक्रियता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल किशोर पांडेय ने प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंच बनाकर संगठन को सशक्त करने की अपील की। वहीं वरिष्ठ नेता रामकुमार वर्मा ने भी संगठनात्मक मजबूती पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार शर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, महेंद्र सिंह राजपूत, डिलेश्वर देवांगन, भानु सिन्हा, मनीष ध्रुव, अवध राम यादव, रमेश मेश्राम, एनएसयूआई प्रदेश सचिव चित्रांश ध्रुव, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, ऐश्वर्य यदु महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रद्धा राजपूत, पार्षद शीला तांडी, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सविता गिरी, प्रतिभा पटेल, सुरेखा नागेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी ने अपने उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, सहप्रभारी एसए संपत कुमार, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, विधायक जनक ध्रुव, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, जिला प्रभारी सकलेन कामदार तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गैंदू यादव ने किया। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठन में नए जोश और ऊर्जा का संदेश दिया।

# बिजली हाई स्कूल में 10वीं 12वीं की प्रायोगिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के आदेशानुसार 1 जनवरी से 20 जनवरी तक कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का 12वीं परीक्षा वर्ष 2026 का संपन्न करने निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी परिपालन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में प्रायोगिक परीक्षा नियत समय पर संपन्न हुई। संस्था के प्राचार्य राम नारायण मिश्रा ने प्रायोगिक परीक्षा प्रभारी लक्ष्मी दत्ता को भगवान श्री राजीव लोचन का छाया चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, सहायक विकास संघ शिक्षा अधिकारी, व्याख्याता पूरन लाल साहू, परीक्षा प्रभारी रेखा सोनी, गीतांजलि, संतोषी गिलहरे, दिनेश कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रुद्र प्रताप साहू, दुष्यंत साहू आदि उपस्थित थे।




